2 फरीदाबाद | 6 अभिमत | 9 देश/विदेश | 11 सेहत

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान धवन बने कप्तान

पेज - 12

## अग्रवाल कॉलेज में महात्मा गांधी को दी पुष्पांजलि

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर एनएनएस के स्वयंसेवकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। गांधी की 153वीं जयंती पर अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने श्रद्धासुमन भेंट किए। उनके अमर बलिदान को याद किया। कहा कि मां भारती को बेड़ियों से मुक्त कराने में गांधी जी के द्वारा चलाए विभिन्न आंदोलनों का महत्त्वपूर्ण योगदान है और इसलिए महात्मा गांधी की जन्म तिथि 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।